सबका साथ, सबका विकास



शिक्षण संकेत : चित्र ध्यान से देखें। सभी पशु–पक्षियों के नाम जानें और उनकी आदतों के बारे में चर्चा करें। जिन चित्रों में रंग नहीं भरे हैं, बच्चे उनमें रंग भरें।

1 मीठी बोली

कविता

पाठ चर्चा : कोयल और बुलबुल के माध्यम से कवि मीठी बोली अर्थात् मधुर वचन बोलने का महत्व बता रहा है।

काली कोयल कूक रही है,
मिसरी-सी कानों में घोल रही है।
इसकी बोली कितनी प्यारी,
सबको यह लगती है न्यारी।

काँव-काँव करता कौआ,
दूर-दूर की खबर है लाता।
आ रहा है कोई अतिथि,
हमको वह बतलाता।

बुलबुल मीठा गाना गाती,
सबका दिल है बहलाती।
सुंदर-सुंदर पंख पसारे,
दूर देश तक है जाती।

बच्चों सबसे मीठा बोलो,
सबके प्यारे बन जाओगे।
बन जाएँगी बिगड़ी बातें,
काम सभी के तुम आओगे!

शब्दार्थ

प्यारी	अच्छी	न्यारी	अनोखी
अतिथि	मेहमान	मीठा	मधुर
खबर	समाचार	पसारे	फैलाए

श्रुतलेख : प्यारी न्यारी कौआ अतिथि सुंदर पंख

अभ्यास

मौखिक कार्य........

❖ **उत्तर बताओ :**

क. कोयल का रंग कैसा होता है?

ख. कोयल सबको प्यारी क्यों लगती है?

ग. कविता से क्या शिक्षा मिलती है?

लिखित कार्य........

1. सही उत्तर के सामने ✓ चिह्न लगाओ :

क. कोयल क्या कर रही है?

(i) मीठे स्वर में कूक रही है। ☐ (ii) गाना गा रही है। ☐

ख. कौआ क्या काम करता है?

(i) दूर-दूर तक उड़ता रहता है। ☐ (ii) किसी के आने की खबर देता है। ☐

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो :

क. कौआ कैसी आवाज़ करता है?

....

ख. कोयल की आवाज़ सबको कैसी लगती है?

....

ग. बुलबुल कैसे स्वर में गाती है?

....

3. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो :

काँव-काँव ....,
.... है लाता।
आ रहा है ....,
.... बतलाता।

बच्चों सबसे मीठा ....,
.... जाओगे।
बन जाएँगी ....,
.... तुम आओगे।

4. वाक्य पढ़कर (✓) या (✗) चिह्न लगाओ :

क. कोयल की बोली सबको अच्छी लगती है। ☐

ख. कौआ काँव-काँव करके चोर की खबर देता है। ☐

ग. बुलबुल के पंख भद्दे होते हैं। ☐

घ. मीठी बोली बोलने से हम सबके प्यारे बन जाते हैं। ☐

भाषा की बात........

याद रखें : अनुस्वार ं की आवाज़ नाक से बोली जाती है और अनुनासिक ँ की आवाज़ मुँह और नाक से बोली जाती है; जैसे— पंख ➤ पाँखुरी, चंद्र ➤ चाँद

1. अब बिंदु और चंद्रबिंदु से बने दो-दो शब्द लिखो :

बिंदु ं – ....

चंद्रबिंदु ँ – ....

2. दिए गए शब्दों को उनके समान अर्थ से मिलाओ :

शब्द	समान अर्थ	शब्द	समान अर्थ
प्यारी	मेहमान	खबर	पर
न्यारी	अच्छी	पंख	मधुर
अतिथि	अनोखी	मीठा	समाचार

3. दिए गए शब्दों के तुकांत शब्द लिखो :

प्यारी – .... लाता – ....

गाती – .... जाओगे – ....

विचार-कौशल........

1. ये बोलियाँ किन-किन पक्षियों की हैं? पक्षियों के नाम लिखो :

कुकड़ू-कूँ – .... गुटर-गूँ – ....

कुहू-कुहू – .... काँव-काँव – ....

2. दिए गए चित्रों को पहचानो और नाम लिखो :

....



....

रचनात्मक कार्य........

❖ वर्ग-पहेली में कुछ पक्षियों के नाम छिपे हैं। ढूँढ़कर लिखो :

कौ	आ	ची	क
को	य	ल	बू
गौ	रै	या	त
तो	ता	मो	र

.......कौआ.......
....
....
....
....
....
....
....